<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

प्रतिबंधित नक्सली संगठन भा0क0पा0(माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, रमेश उर्फ अनल, अजय महतो, अनमोल, मोछु, चमन, कांडे, सागेन अंगरिया, अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। उक्त आसूचना के आलोक में इनके विरूद्ध कारगर कार्रवाई हेतु चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 BN, 203 BN, झारखण्ड जगुआर एवं सी0आर0पी0एफ0 60 BN, 197 BN, 157 BN, 174 BN, 134 BN, 193 BN, 07 BN, 26 BN, की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 28.09.2023 से एक संयुक्त अभियान टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम सरजोमबुरू, तुम्बाहाका के सीमावर्त्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। अभियान के दौरान आज दिनांक 28.09.2023 को टोन्टो थानान्तर्गत तुम्बाहाका गॉव के आस–पास जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 02 (दो) I.E.D एवं रास्ते में गढ़डा करके लोहे का रड और तीर (31 Spike Holes एवं 250 Spike) बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से विनिष्ट किया गया है।

अग्रतर सर्च के दौरान आज दिनांक 28.09.2023 को समय लगभग 12.00 बजे से 12.15 बजे अपराह्न के बीच में टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम तुम्बाहाका एवं सरजोमबुरू के बीच में जंगली/पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में लगाये गये 03 (तीन) I.E.D को विस्फोट किया गया, जिसकी चपेट में आने से कोबरा 209 BN. के इंस्पेक्टर/जी0डी0 भुपेन्द्र कुमार एवं सी0टी0/जी0डी0 राजेश कुमार I.E.D विस्फोट से जख्मी हुए है।

पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, रॉची एवं सी0आर0पी0एफ0 झारखण्ड सेक्टर, झारखण्ड रॉची के सहयोग से हेलीकॉप्टर के माध्यम से तत्काल प्राथमिकी उपचार के पश्चात जख्मी पदाधिकारी/जवान को उच्चत्तर ईलाज हेतु रॉची भेजा गया है।

संचालित नक्सल विरोधी अभियान जारी है।

<u>बरामदगी:–</u>

1. 05 से 08 KG का 02 I.E.D.
2. 31 Spike Holes
3. 250 Spike

<u>अभियान दल:–</u>

1. चाईबासा पुलिस
2. झारखण्ड जगुआर
3. कोबरा 209 BN,
4. सी0आर0पी0एफ0 197 BN. 174 BN.
5. बम निरोधक दस्ता, सी0आर0पी0एफ0 197 BN.

———————————————————————